EGG Made a Plan for an Annual Scheme in School…Book Bank, Duster, Sewing Box, and Education Club Related Plans Completed

आते ही परिवार में कोहराम मच गया।

ईजीजी ने विद्यालय में बनाया वार्षिक योजना का प्लान

बुक बैंक, डस्टर, सिलाई बॉक्स तथा एजुकेशन क्लब के प्रस्ताव किये पूर्ण

काशीपुर एक्सप्रेस, काशीपुर

काशीपुर। एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली (ईजीजी) के तत्वावधान में हकिमा नंबर एक में स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गठित गर्ल्स पार्लियामेंट को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ईजीजी संस्था द्वारा डब्ल्यूएसडीपी का निर्माण कर विद्यालय के विकास एवं हित के लिए वार्षिक योजना तैयार कर एक्शन प्लान बनाया गया।

जीपी एवं एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली संस्था द्वारा एक्शन प्लान बना कर प्रस्ताव पारित किये गये। जिनमे बुक बैंक, प्रत्येक कक्षा के लिए डस्टर, सिलाई बाक्स तथा एजुकेशन क्लब आदि के प्रस्ताव पूर्ण किये गये। इस दौरान एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली संस्था की ब्लॉक कोआर्डिनेटर रजवन्त कौर ने स्वास्थ्य, सुरक्षा, विद्यालय के पठन-पाठन, अनुशासन, सौन्दर्यीकरण आदि पर चर्चा कर जानकारी दी। ईजीजी की ब्लॉक कोआर्डिनेटर रजवन्त कौर ने कहा कि छात्र छात्राओं को सिर्फ शिक्षित करना ही काफी नहीं, बल्कि ज्ञानवर्धक और व्यवहारिक ज्ञान भी बेहद जरूरी है। विद्यालय में बनाई गयी योजनाओं एवं व्यवस्था से बच्चों के मौलिक स्तर में बढ़ोत्तरी होगी और उनको किताबी शिक्षा के साथ साथ स्वच्छता एवं बुनियादी शिक्षा में भी सुधार आयेगा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।